**National Service Scheme**

Govt. College Sec. 9

Gurugram

# NSS

# Seven Days

# Special Camp

Not Me But You

# Report

# of

# NSS 7 days Camp









# Day 1

# 7 दिवसीय विशेष शिविर
## (12th March से 18th March, 2023)

पहला दिन - एनएसएस सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 गुरुग्राम की एनएसएस द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन हुआ। विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व के विकास एवं सेवा भाव जागरण के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिविर में विभिन्न कक्षाओं के 100 स्वयंसेवक शामिल हुए। प्रातः 9 बजे पंजीकरण प्रक्रिया से प्रारंभ हुए शिविर में एनएसएस गान, योगाभ्यास, ध्यान साधना के पश्चात औपचारिक शुभारंभ उप प्राचार्या कृष्णा मल्हान जी ने किया। इसके पश्चात सभी एनएसएस स्वंयसेवकों ने अपना परिचय दिया। पुराने स्वंयसेवकों ने अपना अनुभव सबके सामने साझा किया और नए स्वंयसेवकों को एनएसएस का महत्व बताया और उसके उद्देश्य समझाए। अंतिम सत्र में एनएसएस के उद्देश्यों पर बोलते हुए कई दशकों से एनएसएस में सक्रिय रहे द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ प्रवीण फोगाट जी ने सच्चे स्वंयसेवक होने का अर्थ और आयाम के बारे में बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोनिका सहरावत एवं श्री हरीश कुमार ने बताया की यह सात दिवसीय शिविर निस्संदेह ही विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं विकास में सहायक सिद्ध होगा।




NOT ME
BUT YOU
जिला पड़ोस


BUT YOU








जिला पड़ोस युवा संसद
दिनांक :- 13 मार्च, 2023
नेहरु युवा केन्द्र, गुरुग्राम (हरियाणा)
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार
GOVT. COLLEGE SECTOR-9 GURUGRAM
NOT ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT-I, II



# Day 2

DATE
PAGE

दूसरा दिन - नेहरू युवा केन्द्र द्वारा G20 पर व्याख्यान का आयोजन।

शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गुरुग्राम की मेयर "मधु आजाद जी" ने किया। मधु आजाद जी ने स्वंयसेवकों को संबोधित किया और सही रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने अधिकारों का सही उपयोग और कर्तव्यों को निभाने का आहवान किया। इसके पश्चात SCERT से आई श्रीमती सरिता जी ने स्वंयसेवकों को बताया की किस प्रकार से वो लोकसभा तक अपनी बात पहुँचा सकते है। और उन्होंने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। इसके उपरांत सेक्टर-9 महाविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. ललिता गौड़ ने स्वंयसेवकों को जीवन में नैतिक मूल्यों का महत्व बताया और समाज के विकास के लिए युवा पीढ़ी में जागरूकता का महत्व बताया। इसके बाद सेक्टर-9 महाविद्यालय के प्राध्यापक श्री रोहित शर्मा ने पर्यावरण परिवर्तन पर स्वंयसेवकों को संबोधित करते हुए पर्यावरण परिवर्तन के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव के बारे में भी स्वंयसेवको को बताया और ग्लोबल वार्मिंग के कारण भविष्य में आने वाली चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। सेक्टर-9 महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती कौशल कुमारी ने विद्यार्थियों को अपने स्किल सेट को वर्तमान समय के अनुसार बदलते

रहने एवं नई स्किल्स को सीखने का आह्वान किया। अंत में महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. सत्यम जी ने स्वयंसेवकों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया और अच्छे खानपान को अपनाकर जंक फूड से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

इस कार्यक्रम में उप प्राचार्या श्रीमती कृष्णा मल्हान के साथ कार्यक्रम अधिकारी श्री हरीश कुमार, श्रीमती मोनिका सहरावत एवं महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।




UNIT- I, II


NEED
UNIT- I, II




BE A PROUD DONOR
DON'T TAKE YOUR ORGANS TO HEAVEN HEAVEN KNOWS WE NEED THEM HERE
NOT ME BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
मानवता के लिए
नेत्रदान
अंगदान – देहदान







# Day 3

तीसरा दिन - रक्तदान व अंगदान पर व्याख्यान और पोस्टर मेकिंग एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 गुरुग्राम की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत प्रतिदिन की भांति श्रमदान से की गई। इसके बाद पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और कविता प्रतियोगिता आयोजित हुई। स्वंयसेवकों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ चढ़ कर हिस्सा लिया।

दूसरे सत्र में डॉ. जयदीप कुमार शर्मा ने अंगदान पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने स्वंयसेवको को अंगदान का महत्व और आवश्यकता समझाते हुए

बताया कि वह सभी अंगदान के लिए पंजीकरण अवश्य करें। इसके बाद श्री दीनेष जी ने रक्तदान पर अपना व्याख्यान दिया। इन्होंने स्वंयसेवकों को नियमित रूप से रक्तदान करके समाज के प्रति अपना कर्तव्य निभाने के लिए कहा। इसके साथ श्री प्रवीण फोगाट जी ने स्वंयसेवकों को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया।
इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोनिका सहरावत व श्री हरीश कुमार तथा समिति सदस्य श्रीमती पूजा, श्रीमती कविता व श्री विजयवीर उपस्थित रहे।


GOVT. COLLEGE, SECTOR-9 GURGAON


GOVT. P. G.COLLEGE SECTOR-9
GURGAON
सड़क सुरक्षा
Sponcerd
GOVT. COLLEGE, SECTOR-9 ,GURGAON




HAVE A HEART SAVE A LIFE


HAVE A HEART SAVE A LIFE
Be an organ donor All it costs is a little love
COLLEGE, SECTOR-9 ,GURGAON
NSS CAMP
BE






NSS CAMP

# Day 4

चौथा दिन - एनएसएस स्वयंसेवकों ने
की सफाई।
राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन कादीपुर गाँव के मंदिर में सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली। रैली कादीपुर गाँव के प्रसिद्ध से शुरू होकर गाँव की गलियों से होते हुए महाविद्यालय तक पहुँची।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोनिका सहरावत व श्री हरीश कुमार तथा

समिति सदस्य श्रीमती पूजा, श्रीमती कविता व श्री विजयवीर उपस्थित रहे।


NSS CAMP
GURUGRAM



GOVERNMENT COLLEGE SECTOR-9
GURUGRAM
GOVT. COLLEGE
SECTOR-9

GOVT. COLLEGE, SECTOR-9, GURGAON
NSS CAMP
GOVERNMENT COLLEGE SECTOR-9
GURUGRAM





# Day 5

पाँचवा दिन - प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान एवं विविध खेल स्पर्धा का आयोजन।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 गुरुग्राम की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर के पाँचवे दिन की शुरुआत प्रतिदिन की भाँति एनएसएस गान से हुई।

पहले सत्र में यूथ रेड क्रॉस से आए नितिन पाँचाल ने स्वंयसेवकों को प्राथमिक उपचार पर व्याख्यान दिया और स्वंयसेवकों को अलग-अलग इंजरी व दुर्घटनाओं की स्थिति में उपचार के लिए जाने वाले कदमों पर विस्तार से समझाया। साथ ही उन्होंने स्वंयसेवकों की प्रत्येक जिज्ञासाओं का समाधान किया।

दूसरे सत्र में खेल-कूद स्पर्धा में 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद और शॉट पुट का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों इकाइयों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय प्रतिभागियों का चयन किया गया।

शिविर का सँचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोनिका सहरावत व श्री हरीश कुमार तथा समिति सदस्य श्रीमती पूजा, श्रीमती कविता व श्री विजयवीर उपस्थित रहे।




2023 03 17 12:27


NOTE ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
BLOOD CENTER








BUT YOU
BLOOD CENTER




NSS CAMP

# Day 6

छठा दिन - छठे दिन लगाया गया रक्तदान शिविर।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर- 9 की एनएसएस इकाइयों द्वारा आयोजित विशेष सात दिवसीय शिविर के छठे दिन जिला रेड क्रॉस और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया गया। यह शिविर रैड क्रॉस सोसाईटी एवं सिविल अस्पताल, गुरुग्राम के सौजन्य से लगाया गया जिसमें 64 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ प्रीति देशवाल एवं डॉ मीनू शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का आरम्भ किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रीति देशवाल ने बताया कि महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं अन्य कई लोगों ने रक्त दान कर इस आयोजन को सफल बनाया है।

उन्होंने कहा कि रक्त दान करना एक बहुत ही आदर्श कार्य है। इससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि रक्त दान करने से शरीर पर किसी प्रकार का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। बल्कि रक्तदाता को स्वास्थ्य लाभ पहुंचता है। उन्होंने सभी स्वस्थ लोगों को रक्त दान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ हरीश कुमार एवं डॉ मोनिका सहरावत ने बताया कि जो व्यक्ति

रक्तदान कर रहे हैं वह बहुत ही आनंदित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति रक्तदान कर रहे हैं उन सभी के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। शिविर में सभी रक्तदाताओं को रिफ्रेशमेंट देकर उनका उत्साह बढ़ाया जा रहा है।

इस अवसर पर डॉ राजेश कुंडू, डॉ प्रदीप, डॉ मुकेश, डॉ सुरेंद्र कुमार, डॉ हरीश, नितेश, बबलू ने रक्तदान कर विद्यार्थियों एवं अन्य रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर सिविल अस्पताल से डॉ प्रियंका, डॉ मनीशा, डॉ राहुल, श्रीमती अनिता, श्रीमती योजना, श्रीमती रुचीता, श्रीमती सुलक्षणा, श्रीमती अनामिका, रवि एवं सुनील एवं रैड क्रॉस सोसाइटी से अत्तर कुमार, अजय तथा जय भगवान उपस्थित रहे।

दूसरे सत्र में फीमेल हाइजीन पर श्रीमती पिंकी शर्मा जी ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने महिला स्वंयसेवकों को संबोधित करते हुए नीजि स्वच्छता पर बल देने के लिए प्रेरित किया।





GOVT. COLLEGE SECTOR-9, GURUGRAM
NOTE ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
राजकीय
स्नातकोत्तर
महाविद्यालय
सैक्टर-9, गुरुग्राम

GOVT. COLLEGE SECTOR-9, GURUGRAM
NOTE ME
BUT YOU
NATIONAL
CE SCHEME

BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
UNIT - I,II
2023 03 18 14:31

2023 03 18 14:19


GOVT. COLLEGE SECTOR-9, GURUGRAM
NOTE ME
BUT YOU
NATIONAL SERVICE SCHEME
2023 03 18 16:14

# Day 7

सातवा दिन - सात दिवसीय शिविर का समापन।

राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 गुरुग्राम में चल रहे सात दिवसीय शिविर की शुरुआत एनएसएस गान व श्रमदान के साथ शुरू हुई। ज्ञात हो की राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 की एनएसएस इकाईयों द्वारा विशेष सात दिवसीय शिविर 12 मार्च से लगाया जा रहा था। इस शिविर में 100 स्वयंसेवक प्रतिभागी बने। इस शिविर में रक्तदान शिविर जनजागरण रैली, जलाशयों की सफाई अध्यात्मिक एवं अन्य कई कार्य किए गए। शिविर का समापन स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के साथ हुआ। सभी स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह से सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। एनएसएस शिविर में शुभम सेन एवं रुची को बेस्ट स्वयंसेवक चुना गया। समापन अवसर पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में निशा, गरिमा, रितिका, शुभम, चेतन और निहारिका ने प्रस्तुति दी।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती मोनिका सहरावत ने दिन में हुई गतिविधियों की रिपोर्ट पढ़ी तो वहीं दूसरी ओर श्री हरीश कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती मीनू शर्मा श्री संजय कात्याल श्री राजेश और श्रीमती मुकेश, श्रीमती रीना, श्रीमती पूजा, श्रीमती कविता आदि, अनेक महानुभव उपस्थित रहे।